## खबर संक्षेप



### सिद्ध महाराज में शिव पार्वती की हुई स्थापना

**सिलौंडी।** ग्राम नेगई सिद्ध महाराज मंदिर में सभी संतो और ग्राम जनों के सहयोग से महाशिवरात्रि पर्व पर शिव पार्वती जी की स्थापना और रुद्राभिषेक का विशेष पूजन अर्चन सभी संतो की उपस्थिति में संपन्न हुआ। संत दामोदर दास महाराज और जूना आखाड़ा के मंहत प्रेमपुरी महाराज के सानिध्य में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ जिसमें सिलौंडी, नेगाई, किसगी सहित आसपास के क्षेत्र के भक्तो की उपस्थित रही।

### विभिन्न वार्डों से संग्रहित किए गए पानी के नमूने

**कटनी।** नागरिकों को सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार जैसे अवकाश दिवस पर भी जल गुणवत्ता की निगरानी का कार्य जारी रखा गया। कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि रविवार प्रातः पेयजल आपूर्ति के दौरान नगर निगम कटनी की टीमों द्वारा विभिन्न वार्डों विवेकानंद वार्ड लखेरा, संत कवरराम वार्ड मानसरोवर टंकी माधव नगर और रॉबर्ट लाइन, बाबा नारायण शाह वार्ड,बाबू जगजीवन राम वार्ड, महात्मा गांधी वार्ड सोहन काछी मार्ग एवं लाल बिल्डिंग मार्ग, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, न्यू कटनी जंक्शन, सिविल लाइन पानी टंकी सहित अन्य स्थलों से पेयजल के नमूने संग्रहित किए गए। संग्रहित नमूनों को निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया, ताकि जल की शुद्धता एवं गुणवत्ता का वैज्ञानिक विश्लेषण सुनिश्चित किया जा सके।निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जलापूर्ति व्यवस्था की नियमित जांच, क्लोरीनेशन, तथा गुणवत्ता परीक्षण की प्रक्रिया सतत रूप से संचालित की जा रही है। किसी भी वार्ड में जल गुणवत्ता संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित जांच एवं आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की जा रही है।

### नाबालिग से मारपीट करने पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

**कटनी।** थाना उमरियापान अंतर्गत ग्राम मंगेला (देवरी) में शराब पीने के लिए पैसे न देने पर एक युवक ने नाबालिग के साथ गाली-गलौज करते हुए नुकीली वस्तु से हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार 14 फरवरी की दोपहर लगभग 12 बजे की है। नाबालिग फरियादी 16 वर्ष ने बताया कि आरोपी सोनू कोल ने उससे शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। जब पैसे देने से मना किया तो आरोपी ने गालियां देते हुए उस पर किसी नुकीली वस्तु से वार कर दिया, जिससे उसे चोटें आई हैं। जाते-जाते आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित सोनू कोल के विरुद्ध मामला पंजीकृत किया गया है।

## शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में भक्ति भाव एवं हर्षोल्लास से मनाया गया महाशिवरात्री का पर्व

# भोलेनाथ की भक्ति में डूबे श्रद्धालु, हर हर महादेव के गूंजे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

देवाधिदेव महादेव भक्ति आराधना के पर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर सहित ग्रामीण अंचलों के शिवालयों में विविध धार्मिक आयोजन किये गये। सुबह से ही हर हर महादेव.. जय महाकाल.. के जयकारे गुंजायमान होते रहे। महाशिवरात्रि के पर्व पर समूचा नगर देवाधिदेव महादेव की भक्ति में डूबा नजर आया। शिवालयों में भजन कीर्तन, हवन पूजन व धार्मियों आयोजनों का सिलसिला चलता रहा। जर्लापण करने शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की खासी भीड़ उमड़ी। शिवालयों में जल व दूध से अभिषेक के साथ भगवान शंकर की पूजा-अर्चना की गई। महाआरती का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने व्रत व उपवास रखकर शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, बेर, गेहूं की बालियां आदि चढ़ा कर सुख-समृद्धि की कामना की। नगर के प्रमुख मधई मंदिर में महा रुद्राभिषेक व विशेष पूजन अर्चन का आयोजन किया गया। शाम को भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई। बारात शोभायात्रा में गाजे बाजे के साथ निकाली गई भगवान शिव की बारात में बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरूषों की उपस्थिति रही।



भक्ति गीतों की धुनों पर लोग नाचते गाते, भोलेबाबा का जयघोष करते चल रहे थे। झांकियों और ढोल-नगाड़ों के बीच भक्तगण 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ शामिल हुए। मंदिर में दिन भर हवन पूजन भंडारा चलता रहा। इस दौरान भक्तों द्वारा मंदिर परिसर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक भी किया गया। भोलेबाबा की बारात के लिए शहर के प्रमुख मार्गों पर विशेष सजावट की गई है, जिससे महाशिवरात्रि का पर्व और भी भव्यता आ गई है।

महाशिवरात्रि के आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मुख्य मंदिरों और शिव बारात के मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा।

शिव बारात मधई मंदिर से प्रारंभ होकर सुभाष चौक, झंडा बाजार, सराफा बाजार, घंटाघर मोड़, गर्ग चौराहा, टिकियामल चौराहा, गजानन टॉकीज, गोलबाजार, कमानिया गेट पहुंची। यहां दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया। यहां से बारात शोभायात्रा मधई मंदिर पहुंची। मंदिर में महाआरती उपरांत प्रसाद वितरित किया गया।

## विजयराघवगढ़ के नील कंटेश्वर धाम में उमड़े श्रद्धालु, जीवंत झांकियों ने मन मोहा

विजयराघवगढ़ क्षेत्र के नील कंठेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर आयोजित धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर को भव्य पुष्प सज्जा, रंगीन रोशनी और धार्मिक प्रतीकों से सजाया गया। हर हर महादेव और ओम नमः शिवाय के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, गंगाजल, दूध और भस्म से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। महाशिवरात्रि का मुख्य आकर्षण रही भगवान शिव की भव्य बारात। डीजे, ढोल-नगाड़े, शंखनाद और आकर्षक झांकियों के साथ निकली शिव बारात ने पूरे क्षेत्र को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। शिव-पार्वती विवाह की जीवंत झांकी, गणों का नृत्य और साधु-संतों की टोलियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। बारात के दर्शन के



लिए सड़कों के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई।मंदिर प्रबंधन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विशेष इंतजाम किए गए थे। जहां पर विजय राघौगढ़ थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने अपनी टीम के साथ चाक चौबंद नजर आए वही समिति प्रबंधक द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से अलग से सिक्योरिटी तैनात की गई समिति द्वारा अलग-अलग दर्शन पंक्तियां, पेयजल, चिकित्सा सहायता, स्वयंसेवकों की तैनाती और सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। आज सोमवार 16 फरवरी को हेमंत बृजवासी मथुरा द्वारा सुंदर देवी गीतों के साथ भंडारे का आयोजन किया गया है समिति प्रबंधन ने सभी श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचने की अपील की है।

## महाशिवरात्रि पर शिवलिंग निर्माण, मंदिरों में हुए विविध धार्मिक आयोजन

महाशिवरात्रि पर्व पर उमरियापान क्षेत्र में रविवार को भगवान शिव की आराधना को लेकर विशेष उत्साह और आस्था का माहौल देखने को मिला। क्षेत्र के बड़ी माई मंदिर, सन्यासी महाराज मंदिर, शिव मंदिर, हनुमान मंदिर, अथैया मंदिर, कटरा बाजार स्थित मंदिर, चण्डी माता मंदिर, खेर माता मंदिर तथा शंकर मंदिर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों में सुबह से ही पूजन-अर्चन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।झंडा चौक स्थित हनुमान मंदिर में महिलाओं और युवतियों ने विधि-विधान से शिवलिंग निर्माण कर पूजा-अर्चना की और भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में प्रातःकालीन



आरती के साथ ही पूजा का क्रम प्रारंभ हो गया था। श्रद्धालु अपने साथ बेलपत्र, धतूरा, आक, पुष्प, दूध एवं गंगाजल लेकर पहुंचे और शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।"हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में गूंजता रहा। कई स्थानों पर घरों में भी मिट्टी से शिवलिंग बनाकर सामूहिक पूजन किया गया। महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। बैंडबाजों के साथ श्रद्धालुओं ने जलाशयों में शिवलिंग विसर्जन किया। मंदिरों में दिनभर भजन-कीर्तन का सिलसिला चलता रहा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान शिव की आराधना की और क्षेत्र की सुख-शांति की कामना की।



### मंदिरों में हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन

महाशिवरात्रि पर्व पर शहर एवं उप नगरीय क्षेत्रों के शिव मंदिरों में हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद प्राप्त किया। नगर चंडिका मंदिर, बस स्टेंड पुलिस चौकी समीप नागेश्वर धाम, कटनी-रीठी रोड स्थित मधुर महादेव वेयर हाऊस, कुठला स्थित महाकाल समित द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। कहीं पूर्वान्ह तो कहीं दोपहर बाद भंडारे का आयोजन शुरू हुआ जो शाम तक चलता रहा। श्रद्धालुओं ने कहीं बैठकर तो कहीं खड़े होकर प्रसाद प्राप्त किया।

## जीवंत झांकियों के साथ निकाली गई शिव बारात



महाशिवरात्रि पर्व पर उमरियापान में आस्था और उत्साह का संगम देखने को मिला। अनुराग रामायण मंडल के तत्वावधान में भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती की बारात धूमधाम से निकाली गई। बारात में भगवान शिव के स्वरूप में सजे श्रद्धालु आकर्षण का केंद्र रहे, वहीं माता पार्वती की जीवंत झांकी ने सभी का मन मोह लिया। बारात की शुरुआत कटरा बाजार स्थित जोगी मंदिर से हुई। इसके बाद बारात अँधेली बाग, चण्डी माता मंदिर, बावली मंदिर, बस स्टैंड, झंडा चौक, बड़ी माई मंदिर और बरातरे सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः कटरा बाजार पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया। प्रसाद वितरण किया गया। बारात में शामिल श्रद्धालु भोलेनाथ के साथ भक्ति गीतों की धुन पर जमकर झूमे। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने "हर-हर महादेव" के जयकारे लगाए।

### देवरी हटाई मार्ग पर ग्राम चांदन के समीप हुआ हादसा

# मोटर साइकिलों के बीच हुई भिड़ंत में चार घायल, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मोटरसाइकिलों के बीच हुई सीधी टक्कर में चार युवक घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया जिनमें से एक की हालत गंभीर होने के कारण उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह हादसा रविवार दोपहर देवरी हटाई मार्ग पर चाँदन ग्राम स्थित गौशाला के समीप हुआ।

जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 3:30 बजे चुरहुली ग्राम निवासी गुरु सिंह 25 वर्ष, परान सिंह 22 वर्ष और रघुवीर सिंह एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर कपड़े खरीदने बड़वारा आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक चाँदन ग्राम गौशाला के पास पहुँची, सामने से



आ रहे बलवीर सिंह 24 वर्ष निवासी गुड़ा ग्राम की मोटरसाइकिल से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और चारों युवक सड़क पर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहगीरों ने तत्काल घटना की सूचना 108 एम्बुलेंस को दी। घायल रघुवीर सिंह का कहना है कि हादसे के तुरंत बाद 108 को फोन किया गया था लेकिन एम्बुलेंस करीब एक घंटे तक मौके पर नहीं पहुँची। समय पर मदद न मिलने के कारण घायलों को सड़क पर ही तड़पना पड़ा। बाद में पहुँची एम्बुलेंस की मदद से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा ले जाया गया।

### एक को किया रेफर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने सभी का उपचार शुरू किया। घायल परान सिंह के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें होने के कारण उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई थी, जिसे देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल कटनी के लिए रेफर कर दिया है। अन्य तीन घायलों गुरु सिंह, रघुवीर सिंह और बलवीर सिंह का उपचार जारी है और उनकी स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जा रही है।

## प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का शिविर में का किया जाएगा निराकरण

# संकल्प से समाधान अभियान के तहत आज से होगा शिविरों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में चल रहे संकल्प से समाधान अभियान के तहत 407 ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के सभी 90 वार्डों में लोगों को शासन की 106 प्रकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लाभान्वित करने आज से शिविरों का आयोजन होगा।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में वार्ड स्तरीय समिति बनाई गई है। जिसमें ग्राम और नगरीय वार्ड स्तर के अधिकारी और कर्मचारी जैसे पटवारी, पंचायत सचिव, वार्ड प्रभारी, रोजगार सहायक, आरएईओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, हेल्थ वर्कर आदि शामिल है।

पंचायत व नगरीय वार्ड स्तर पर आवेदन व शिकायतों के एकत्रीकरण के लिए दल गठित किया गया है। जिसके लिये नोडल अधिकारी की नियुक्ति संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा की गई है। यह दल शासन की विभिन्न योजनाओं व सेवाओं से संबंधित आवेदन व शिकायतों को घर-घर जाकर या शिविर लगाकर एकत्रित कर रहा है। साथ ही इस टीम के नोडल अधिकारी अपने लॉगिन से सभी आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज भी कर रहे है।

पोर्टल पर दर्ज करने के उपरांत सभी आवेदनों को क्लस्टर या जोन लेवल अधिकारी के पास जमा किया जाएगा और क्लस्टर या जोन लेवल अधिकारी आवेदनों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु प्रेषित कर निराकरण की स्थिति प्राप्त करेंगे।

अभियान का द्वितीय चरण 16 फरवरी से प्रारंभ होकर 16 मार्च तक चलेगा। अभियान के द्वितीय चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में क्लस्टर लेवल पर एवं नगरीय क्षेत्रों में नगर व जोन स्तर पर नोडल अधिकारी के रूप में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जोनल अधिकारी अथवा समकक्ष अधिकारी रहेंगे।

इस चरण में प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन और शेष आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु शिविर लगाये जायेंगे। क्लस्टर में पंचायतों की संख्या का निर्धारण कलेक्टर द्वारा जिले में स्थित पंचायतों की संख्या के हिसाब से (आवश्यकतानुसार 15 से 30 ग्राम पंचायतों का समूह में) निर्धारित किया जाएगा।

शहरी क्षेत्रों में छोटी नगरपालिका, नगर पंचायत स्तर पर एक शिविर व नगर निगम स्तर पर वार्डों की संख्या के अनुपात में क्लस्टर या जोन तैयार किये जाएगें।

क्लस्टर या जोन लेवल पर शिविर लगाने हेतु समय सारिणी जिले द्वारा तैयार की जाएगी। टीम द्वारा प्राप्त आवेदन व शिकायतों का निराकरण क्लस्टर या जोन लेवल पर आयोजित शिविर में संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। आवेदनों का निराकरण को पोर्टल पर क्लस्टर या जोन लेवल के नोडल अधिकारी के द्वारा दर्ज किया जाएगा।

### विकासखंड मुख्यालय पर लगेगा शिविर

₹संकल्प से समाधान अभियान₹ का तृतीय चरण 16 मार्च से 26 मार्च तक चलेगा। इस चरण के अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर नोडल अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, अपर आयुक्त नगर निगम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रहेंगे। इस चरण अंतर्गत ब्लॉक, नगर स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे जिसमें क्लस्टर या जोन लेवल पर अनिराकृत शेष आवेदन व शिकायतों या नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

जिन विकासखण्ड मुख्यालयों में नगर पंचायत या नगर पालिका स्थित है, उनमें सम्मिलित रूप से विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में किए गए निराकरणों को ब्लॉक लेवल नोडल अधिकारी द्वारा पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा।



# पथराव मामले में तीन आरोपितों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत बंधी रेलवे गेट पर 12 फरवरी की रात हाईवा की टक्कर से 2 लोगों की मौत के बाद आक्रोशित भीड़ द्वारा पुलिस वाहन पर पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पथराव मामले में पुलिस ने करीब 15 अज्ञात व्यक्तियों पर बीएनएस की धारा 296 बी, 351(3), 121(1),125ए, 132, 191(2),191(3), 190, 324(4) के तहत मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी स्लीमनाबाद एवं थाना प्रभारी उमरियापान पुलिस टीम द्वारा आरोपीगण 1. सागर उर्फ जग्गी कोल पिता रामकुमार उर्फ भूरा लाल 19 साल , 2 . अभिषेक कोल पिता हरिप्रसाद कोल 19 साल, 3. अर्जुन कोल पिता प्रीतम कोल 20 साल तीनों निवासी धरवारा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी किया गया जिस पर आरोपीगणों को जिला जेल में दाखिल किया गया। प्रकरण मे चार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है ।

गौरतलब है कि बीते गुरुवार की रात हाइवा की टक्कर से राजा भैया कोल व राजेन्द्र कोल की मौत हो गई जिसके बाद हंगामा हुआ था।

## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन शिक्षा से जोड़ने हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**कटनी।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से स्वयं पोर्टल पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्वयं पोर्टल पर पंजीयन प्रक्रिया, उपलब्ध ऑनलाइन पाठ्यक्रमों तथा उनके महत्व की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम में स्वयं पोर्टल प्रभारी डॉ संगीता बासरानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वयं पोर्टल के कोर्स विद्यार्थियों के अध्ययन को समृद्ध बनाते हैं और उन्हें नई-नई जानकारियों से जोड़ते हैं। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर आहार योग, उद्यमिता, सामुदायिक स्वास्थ्य, कंप्यूटर सहित कई सामान्य व व्यावसायिक विषयों से जुड़े पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, जिनका लाभ उठाकर छात्र अपने ज्ञान और कौशल में वृद्धि कर सकते हैं। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार बाजपेई के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। छात्रों ने स्वयं पोर्टल से जुड़ने में विशेष रुचि दिखाई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को स्वयं पोर्टल पर पंजीयन करने के लिए प्रेरित किया गया, वत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ प्राप्त कर सकें।

### कर वसूली के लिए आज लगाये जाएंगे शिविर

**कटनी।** नगर निगम लक्ष्य के अनुरूप राजस्व आय बढ़ाने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार लगातार वसूली अभियान की समीक्षा कर रहीं हैं और राजस्व अमले को दिशा निर्देश भी दे रहीं हैं। निगमायुक्त के निर्देश पर निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राजस्व अधिकारी एवं टीम लगातार डोर टू डोर संपर्क कर बकाया करों की राशि निगम कोष में जमा करनें हेतु प्रेरित करते हुए करदाताओं से राशि वसूली जाकर निगम कोष में जमा कराई गई। नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर सोमवार 16 फरवरी को शंभू टॉकीज के पास सरावगी सदन एवं सत्यनारायण मंदिर के सामने शिविरों का आयोजन किया जाकर नागरिकों को बकाया कर जमा करने की सुविधा प्रदान की जायेगी। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा राजस्व वसूली में गति लाने तथा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे निगम प्रशासन द्वारा प्रदान की जा रही सुविधा का लाभ प्राप्त कर समय पर बकाया करों का भुगतान करें तथा शहर के विकास कार्यों में सहभागी बनें।

### जैविक हाट बाजार से लोगों ने ली ताज़ी हरी सब्जियां

**कटनी।** जैविक कृषि को अपनाने वाले किसानों को उनके उत्पादों को अच्छा बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय के सामने नगर निगम मार्केट में रविवार को लगे जैविक एवं प्राकृतिक हाट-बाजार में साग सब्जियां मटर, ब्रोकली, गोभी, लौकी, भटा, गिलकी, मैथी, पालक और सरसों, सूरन जिमीकन्द, कच्चा पपीता, केला आदि उपलब्ध रहा। उप संचालक कृषि अरूणिमा सेन अयंगर ने बताया कि जैविक हाट में उत्पादों की अच्छी कीमत मिलने से किसानों में उत्साह है और अन्य किसानों में भी जैविक कृषि के प्रति रुचि और बढ़ने लगी है। आने वाले समय में जिले में जैविक खेती का रकबा बढ़ने की पूरी संभावना है। उन्होंने बताया कि जैविक हाट में लोगों की दिलचस्पी सप्ताह दर सप्ताह बढ़ती जा रही है। बढ़ी संख्या में लोग रसायन मुक्त उत्पादों की खरीदारी कर रहे हैं।

### 3 हितग्राहियों को उपचार के लिए 1 लाख रूपये

**कटनी।** मुख्यमंत्री स्वेतच्छादनुदान निधि से जिले के 3 हितग्राहियों को गंभीर बीमारी के उपचार हेतु 1 लाख रूपये की स्वीदकृति प्रदान की गई है। इसमें कटनी शहर के रामकृष्ण परमहंस वार्ड नंबर 34 के मंगलनगर के जयन्त प्रताप गौतम को उपचार हेतु 50 हजार रूपये की राशि मंजूर की गई है। इसी प्रकार श्रीमती कल्पकना सिंह ठाकुर निवासी ग्राम कुआं को 10 हजार रूपये स्वीकृत किए गए है। जबकि ढीमरखेड़ा तहसील के वार्ड क्रमांक 1 निवासी लक्ष्मण प्रसाद लोधी के गंभीर बीमारी के उपचार हेतु 40 हजार रूपये स्वीसकृत किए गए है।

## बड़वारा नगर एवं आसपास के क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर हुये विभिन्न आयोजन

# महादेव बने दूल्हा, धूमधाम से निकली बारात, जगह जगह श्रद्धालुओं ने की पुष्पवर्षा, मंदिरों में रूद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



बड़वारा नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में शिवरात्रि पर्व पर विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मंदिरों में आकर्षक सजावट की गई। सुबह से ही श्रद्धालु महिलाएं एवं पुरूष पूजा की थाल सजाकर भगवान महाकाल की पूजा अर्चना बड़े ही भक्ति भाव के साथ कीं। सुप्रसिद्ध हनुमान ताल में हुआ भव्य आयोजन बड़वारा नगर में स्थित हनुमान ताल में स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर जन समुदाय व श्रद्धालु जनों के सौजन्य से भगवान स्वयंभू का पूजन किया। भगवान शिवशंकर का जलाभिषेक किया गया तथा शिव कीर्तन का आयोजन किया गया। भगवान शिवशंकर के दर्शन को विशाल जनसमूह एकत्रित हुआ। भगवान शिव के शिवालय में प्रातः से ही दर्शनार्थियों की भीड़ लगनी प्रारम्भ हो गई थी। भगवान शिव की पूजा, हवन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं ने भंडारे की महा प्रसाद हलुआ पूड़ी खीर ग्रहण किया।

### बजरंग धाम पठरा में रूद्राभिषेक

जिले के सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक मंदिर बजरंग धाम पठरा में स्थित शिवालय में मंदिर के पुजारी पंडित लक्ष्मण प्रसाद द्विवेदी के द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया गया एवम शिव जी का पूजन किया। महाशिवरात्री के पावन अवसर पर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु जनों का अपार जनसमूह भगवान भोलेनाथ के पूजन एवं दर्शन को उमड़ा। मंदिर परिसर में लोगों के द्वारा पूजन कथा एवम लोगों के द्वारा अपने पुत्र,पुत्रियों का मुंडन भी करवाया गया। मंदिर कमेटी के सौजन्य से भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें जनसमुदाय को हलुआ,पूड़ी, खीर परोसा गया जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव के साथ ग्रहण किया।

जनपद सदस्य सुनील सिंह ने बताया कि दिव्यता भव्यता एवम आस्था से परिपूर्ण शिवरात्री पर्व का यह महोत्सव न केवल धार्मिक आयोजन है अपितु क्षेत्र की सांस्कृतिक चेतना एवम सामूहिक श्रद्धा का विराट उत्सव बन चुका है। बस स्टैंड स्थित शिवालय में हुआ जलाभिषेक एवम भंडारा बड़वारा के बस स्टैंड में समाज सेवियों एवम युवाओं के द्वारा शिव मंदिर को विद्युत झालरों रंगबिरंगे पुष्पों से सजाया गया तथा भगवान भूतनाथ का पूजन किया गया तथा भगवान भूतनाथ का जलाभिषेक किया गया ततपश्चात भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय लोगों के साथ राहगीरों ने भी प्रसाद के रूप में खीर,मीठा, लड्डुओं का महाप्रसाद ग्रहण किया।

बड़वारा थाना में भी शिवरात्री पर्व के अवसर पर थाना प्रभारी केके पटेल के द्वारा हमराह स्टाफ के सौजन्य से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करवाया गया एवम भंडारे का आयोजन करवाया गया। भंडारे की प्रसाद को भारी संख्या में लोगों ने ग्रहण किया। रात्री में मंदिर में रामायण पाठ का आयोजन किया गया।आदर्श मोहल्ला में हुआ आयोजन- बड़वारा में आदर्श मोहल्ला में मोहल्ले वालों के सौजन्य से भगवान शंकर जी का पूजन किया गया। श्रद्धालु जनों ने भी पूजन अर्चन किया। पूजन के पश्चात हवन किया गया। सभी के सौजन्य से भंडारे का आयोजन किया गया। सभी ने भंडारे की प्रसाद ग्रहण किया। शिव पार्वती की मनोरम झांकी निकाली गई।

बड़वारा नगर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ एवम माता पार्बती के विवाह की बारात बड़े ही उत्साह व श्रद्धा भाव से निकाली गई। डीजे व बैंड बाजा तथा शहनाई की धुन के साथ भगवान रुद्र महादेव एवम शक्ति स्वरूपा माता पार्वती के विवाह की बारात निकाली गई जिसका जगह जगह ग्राम वासियों ने पुष्प मालाओं व आरती पूजन के साथ स्वागत किया।

# दो आदतन अपराधियों पर जिला बदर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर कलेक्टर द्वारा की गई कार्यवाही**

जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर आशीष तिवारी ने दो आदतन अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए मोनू उर्फ मनीष निषाद और हर्ष उर्फ बेटू यादव को जिले की सीमाओं से निष्काकसित कर दिया है। कलेक्टर ने कुठला थाना पुरैनी निवासी 20 वर्षीय मोनू उर्फ मनीष निषाद और थाना माधवनगर निवासी अमीरगंज 23 वर्षीय हर्ष उर्फ बेटू यादव के विरूद्ध कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। मोनू उर्फ मनीष निषाद के विरूद्ध थाना कुठला में वर्ष 2024 से जुलाई 2025 तक 8 प्रकरण एवं थाना माधवनगर में 1 प्रकरण को मिलाकर कुल 9 प्रकरण पंजीबद्ध है। मोनू के विरूद्ध समय-समय पर पुलिस के द्वारा वैधानिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां करने के बाद भी इसके आचरण व्ययवहार में कोई सुधार नहीं हुआ है। मोनू के द्वारा अपने निहित स्वाइर्थ की पूर्ति हेतु अवैध शराब बिक्री, गुंडागर्दी कर आतंक फैलाना, अशलील हरकत करना जैसे मामले विभिन्न न्या यालयों में प्रचलित है।

इसी प्रकार माधव नगर निवासी अमीरगंज हर्ष उर्फ बेटू यादव उम्र 23 वर्षीय के विरूद्ध विभिन्न न्यागयालयों में भारतीय दंड संहिता के अधीन 5 आपराधिक प्रकरण,भारतीय न्यानया संहिता के तहत 2 प्रकरण और आर्म्स एक्ट का 1 प्रकरण पंजीबद्ध है।

### पेशी दिनांक को कोर्ट में उपस्थित होने अनुमति

पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर श्री तिवारी ने मोनू और हर्ष के विरूद्ध लोकशांति कायम रखने कार्यवाही करते हुए कटनी जिले के राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्नार एवं उमरिया की राजस्व सीमाओं से 5 माह की अवधि के लिए तथा हर्ष उर्फ बेटू यादव को कटनी जिले के राजस्व सीमाओं से 3 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है। इस अवधि में इन दोनों को कटनी जिले के न्या यालय में चल रहे मामले पर पेशी दिनांक को न्या यालय में उपस्थित होने की अनुमति है। लेकिन इन दोनों लोगों को इसकी संबंधित पुलिस थाना को लिखित सूचना देनी होगी।

*अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अलग अलग तिथिवार दिया जाएगा प्रशिक्षण*

# पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कर्मचारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला इ गर्वनेंस आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले के समस्त विभागों में आइजीओटी कर्मयोगी पोटूल, एम पी इ सेवा पोर्टल एवं एस एस ओ पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी विभागों के शसकीय सेवकों को दो कार्य दिवस का प्रशिक्षण कलेक्ट्रैट के इ दक्ष केंद्र कक्ष क्रमांक 89 प्रथम तल कार्यालय कलेक्ट्रैट में दिया जाएगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बहोरीबंद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा, जिला आबकारी अधिकारी कटनी, अधीक्षण यंत्री म0प्र0रा0वि0मं0 कटनी, अधीक्षण यंत्री नर्मदा विकास मंडल कटनी, अधीक्षण यंत्री नर्मदा विकास मंडल क्रमांक 6 कटनी, जिला आपूर्ति अधिकारी कटनी, वाणिज्य कर अधिकारी वृत -1 कटनी, वाणिज्य कर अधिकारी वृत-2 कटनी, जिला कोषालय अधिकारी कटनी, जिला शिक्षा अधिकारी कटनी, जिला (उच्च शिक्षा) अधि./ प्रचार्य तिलक महा0 कटनी को 17 फरवरी एवं 18 फरवरी को प्रातः 10:30 से शाम 5:30 बजे तक प्रशिक्षण दिया जावेगा।

जिला अति० क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कटनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग कटनी, जिला रोजगार अधिकारी कटनी, जिला खेल अधिकारी कटनी, महाप्रबंधक उद्योग एवं व्यापार कटनी, सिविल सर्जन स्वास्थ्य विभाग कटनी, उप संचालक कृषि कटनी, उप संचालक खनिज कटनी, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें कटनी, जिला जन संपर्क अधिकारी कटनी, उप संचालक पंचायत एवं समाजिक न्याय कटनी, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग कटनी को 19 फरवरी एवं 20 फरवरी को प्रातः 10:30 से शाम 5:30 बजे तक प्रशिक्षण दिया जावेगा।

जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी कटनी, जिला पंजीयक कटनी, श्रम पदाधिकारी कटनी, जिला आयुष अधिकारी कटनी, जिला महिला सशक्तिकरण अधिकारी कटनी, कार्यपालन यंत्री लोक स्वा यां विभाग कटनी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग कटनी, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग कटनी, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी विभाग कटनी, कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग कटनी, कार्यपालन यंत्री बरगी दां त.न.सं.क्रं 01 कटनी, कार्यपालन यंत्री नर्मदा वि. सं. क्रं 0-03 कटनी को 23 फरवरी से 24 फरवरी को प्रातः 10:30 से शाम 5:30 बजे तक प्रशिक्षण दिया जावेगा।

जिला परियोजना समन्वयक शिक्षा केंन्द्र कटनी, जिला पेंशन अधिकारी अन्तव्यवसायी कटनी, सहायक संचालक गृह निर्माण मंडल बोर्ड कटनी, सचिव कृषि उपज मंडी कटनी को 25 फरवरी एवं 26 फरवरी को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में महाशिविरात्रि पर कार्यक्रम



सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र में महाशिवरात्रि पर आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया । सर्वप्रथम शिव बाबा को भोग अर्पित कर मुरली सत्संग क्लास के पश्चात शिव बाबा का ध्वज फहराया गया तथा सभी ने अपने जीवन में पवित्रता, शांति और नैतिक मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया । शिवलिंग की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना कर पुष्प अर्पित किया गया। राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक महत्व बताते हुए कहा कि यह पर्व परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण का स्मृति दिवस है उन्होंने आगे कहा कि शिव बाबा मानव जीवन में शांति, पवित्रता, आत्म जागृति और सकारात्मक परिवर्तन का संदेश देते हैं । सच्ची शिवरात्रि तब होती है, जब आत्मा अज्ञानता के अंधकार से निकलकर परमात्मा शिव के ज्ञान से प्रकाशित होती है और शांति, पवित्रता एवं दिव्य गुणों को धारण करती है। अंत में सभी भाई बहनों को शिव बाबा का भोग वितरित किया गया । इस अवसर पर सरोज बच्चन नायक, पुष्पलता पटेल, शालिग्राम शर्मा, डॉ सुब्बाराव, बीके दुर्गा बहन, मंगला बहन,नेहा बहन, रानी शर्मा, अनिता बहन, चमन बहन वैष्णवी बहन, प्रियंका बहन, सुनीता जायसवाल ,पलक मिश्रा, सहित अन्य का सहयोग रहा।

# कलेक्ट्रेट में जनगणना का प्रशिक्षण 17 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**जनगणना -2027 के तहत मकान सूचीकरण का कार्य 1 मई से होगा**

ज़िले में जनगणना -2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में मकानों की सूची तैयार करने का कार्य मई माह में 1 से 30 तारीख के बीच किया जाएगा। जिले में जनगणना कार्य के व्यवस्थित संपादन के नजरिए से कलेक्टर आशीष तिवारी को जिले के लिए प्रमुख जनगणना अधिकारी और अपर कलेक्टर को जिला जनगणना अधिकारी बनाया गया हैं।

जिला जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, समस्त अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी , प्रबंधक लोक सेवा केंद्र, एवं जिला जनगणना कार्यालय कर्मचारी और ग्रमीण -चार्ज जनगणना अधिकारी, समस्त अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी, एक जनगणना लिपिक एवं ऑपरेटर्स को 17 फरवरी एवं 18 फरवरी तक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा 19 फरवरी एवं 20 फरवरी को नगर निगम के नगर जनगणना अधिकारी, जोनल चार्ज अधिकारी, एक जनगणना लिपिक एवं ऑपरेटर (प्रत्येक नगरीय ,जोनल कार्यालय से) और नगरीय क्षेत्र,नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद के चार्ज जनगणना अधिकारी, एक लिपिक एवं ऑपरेटर को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### दो चरणों में होगी जनगणना

भारत की जनगणना विश्व का सबसे बड़ा प्रशासनिक कार्य है। भारत में जनांकिकीय व आर्थिक आकड़ों का ग्राम एवं वार्ड स्तर पर उपलब्ध कराने का एकमात्र स्त्रोत है। आगामी जनगणना 2027 पूर्व की जनगणनाओं की भांति इस बार भी दो चरण में संपादित की जाएगी।

इसी क्रम में कटनी जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण का कार्य 1 मई से 30 मई तक पूर्ण किया जायेगा। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य किया जायेगा। इसमें मकानों की स्थिति, सुविधाओं एवं परिसंपत्तियों का विवरण प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर एकत्रित किया जायेगा।

जनसंख्या की गणना के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी। साथ ही, व्यक्तियों के सम्बन्ध में अन्य विभिन्न बिन्दुओं जैसे-आयु, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, दिव्यांगता, मातृभाषा, साक्षरता, शैक्षणिक योग्यता, आर्थिक क्रियाकलाप, प्रवास, प्रजननता विवरण इत्यादि पर जानकारी एकत्रित की जाएगी।

### श्रीराम पथ गमन योजना के तहत चित्रकला एवं कार्यशाला आयोजित

**कटनी।** शासकीय महाविधालय बरही, जिला - कटनी में श्री रामचंद्र पथ गमन योजना के तहत प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी की अध्यक्षता में चित्रकला प्रतियोगिता एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा बढ़ चढ़कर सहभागिता की गई एवं चित्रों के माध्यम से श्री रामचंद्र पथ गमन के छवि चित्रों के द्वारा संदेश दिया।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि दिनेश प्रसाद शास्त्री ने विद्यर्थियों को श्रीरामचंद्र पथ गमन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मनोज चौधरी ने भगवान श्रीरामचंद्र के आदर्शो के बारे में जानकारी दी । साथ ही विद्यार्थियों ने भी कार्यशाला में अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ अरुण तिवारी एवं कार्यक्रम का आभार श्री सुनील कुमार कहार द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में डॉ. एस. एस. धुर्वे, सौरभ तिवारी, अब्दुल बारी, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. रूपा शर्मा, डॉ. अरविंद शुक्ला, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. सुनीता सिंह, प्रियंका तोमर, अनिता सिंह, संतोषी तिवारी, पुष्पलता विश्वकर्मा, डॉ. सोनम पांडेय,डॉ. अरुण तिवारी, कैश मो. अंसारी, डॉ.चंद्रभान लोहार, दीपक मिश्रा, डॉ. के. पी. सिंह, सौरभ सिंह एवं स्टाफ के अन्य सदस्य तथा विद्यार्थी उपस्थित रहें।



# अग्निवीर भर्ती के लिए युवाओं का हो रहा फिजिकल व मेडिकल टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

झिंझरी स्थित पुलिस लाइन ग्राउंड में भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली का व्यवस्थित आयोजन जारी है। इस रैली में 14 फरवरी की रात में 762 युवाओं ने अग्नि वीर रैली भर्ती में भाग लिया । सिंगरौली जिले से 70, मऊगंज जिले से 2 16 , सीधी जिले से से 292 , मैहर जिले से 168 एवं डिंडोरी जिले से 16 युवाओं ने फिजिकल एवं मेडिकल टेस्ट में पार्टिसिपेट किया। इसके अलावा दस्तावेजों का भी सत्यापन किया गया। अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल हो रहे सभी प्रतिभागी सेना के कामन इंट्रेस टेस्ट की लिखित परीक्षा को उत्तीर्ण कर चुके हैं। यहां उन सभी का जिन्हें बुलाया गया है,उनका फिजिकल टेस्ट, मेडिकल टेस्ट और दस्तावेजों का सत्यापन कार्य किया जा रहा है।

## जिले में बनाये गये हैं 55 केन्द्र, समय से पंजीयन कराये किसान

# समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु 7 मार्च तक किसान करा सकेंगे पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन 7 फरवरी से आरंभ हो गया है, यह 7 मार्च तक जारी रहेगा। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर कटनी जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए 55 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। कलेक्टर ने किसान भाइयों से समयावधि में पंजीयन कराने का आग्रह किया है। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है।

पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है।

पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। इन केन्द्रों पर पंजीयन के लिये शुल्क राशि प्राप्त करने के संबंध में कलेक्टर निर्देश जारी करेंगे। प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क निर्धारित नहीं किया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज़ एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान-पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा।

सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। पूर्व वर्षों की किसी अपात्र संस्था में केन्द्र प्रभारी एवं ऑपरेटर को किसी अन्य संस्था में पंजीयन के लिए नहीं रखा जायेगा।

किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक का नाम खाता नंबर और आईएफएससी कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। अक्रियाशील बैंक खाते, संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम, बैंक खाते पंजीयन में मान्य नहीं होंगे। पंजीयन व्यवस्था में बेहतर सेवा प्राप्त करने के लिए यह जरूरी होगा कि किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाईल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखें।

जिला और तहसील स्तर पर स्थापित आधार पंजीयन केन्द्रों में भी किसान जाकर आसानी से अपना मोबाईल नंबर एवं बायोमेट्रिक अपडेट करा सकते हैं। इस कार्य के लिए पोस्ट ऑफिस में संचालित आधार सुविधा केन्द्र का भी उपयोग किया जा सकता है। आधार नंबर से बैंक खाता लिंक कराने के लिए बैंकों के साथ भी समन्वय आवश्यक होगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते के सत्यापन हेतु पंजीयन के दौरान ही 1 रूपये का ट्रांजेक्शन मध्यप्रदेश राज्य आपूर्ति निगम द्वारा ई-उपार्जन जेईटी पोर्टल से कराया जाएगा।

पंजीयन कराने और फसल बेचने के लिए आधार नंबर का वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य होगा। वेरीफिकेशन आधार नंबर से लिंक मोबाईल नंबर पर प्राप्त ओटीपी से या बायोमेट्रिक डिवाईस से किया जा सकेगा। किसान का पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा जबकि किसान के भू-अभिलेख के खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। भू-अभिलेख और आधार कार्ड में दर्ज नाम में विसंगति होने पर पंजीयन का सत्यापन तहसील कार्यालय से कराया जाएगा। सत्यापन होने की स्थिति में ही उक्त पंजीयन मान्य होगा। विगत रबी एवं खरीफ के पंजीयन में जिन किसानों के मोबाइल नंबर उपलब्ध हैं, उन्हें एसएमएस से सूचित करने के निर्देश दिये गये हैं।

# मटर की जैविक खेती से किसान ने कमाया 58 हजार का मुनाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में किसानों का जैविक एवं प्राकृतिक खेती के प्रति रूझान बढ़ता जा रहा है। ऐसे ही विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम इमलिया निवासी किसान मिथलेश हल्द कार ने परंपरागत खेती को पीछे छोड़ते हुए करीब 1 एकड़ सिंचित भूमि में मटर की खती कर 58 हजार रूपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

कृषि विभाग आत्मीी योजना के मैदानी कर्मचारियों द्वारा दी गई सलाह पर अमल कर प्रगतिशील किसान मिथलेश हल्दककार ने 1 एकड़ में प्रदर्शन के लिए मटर की खेती की और इस दौरान उन्हो8नें ने प्राकृतिक खेती करते हुए मटर की फसल में जीवामृत और बीजामृत का उपयोग किया और मटर की कतार बोनी की कीट नियंत्रण के लिए नीमास्त्रस का उपयोग किया इससे 1 एकड़ में 35 क्विंटल मटर का उत्पा्दन हुआ। जिसको बाजार में 2 हजार रूपये प्रति क्विंटल की दर से बेचने पर 70 हजार रूपये की आमदनी हुई। इस 1 एकड़ में मटर की खेती पर कुल 12 हजार रूपये की लागत आई। इस प्रकार लागत काटकर मिथलेश हल्द कार को मटर की खेती से 58 हजार रूपये का शुद्ध लाभ हुआ। इसके अलावा मिथलेश ने अब अपने 2 एकड़ की सिंचित जमीन पर परंपरागत पद्धति की गेंहू की खेती को पीछे छोड़कर अब प्राकृतिक तरीके से गेंहू की खेती शुरू कर दिया है। उन्होंनने बताया कि रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के कारण जमीन एवं स्वा स्थ्य दोनों खराब होने लगा था जिससे फसलों का उत्पाादन भी घटने लगा था और खेत की उर्वरता भी घट गई थी।

**खास बातें**

## आकाश अग्रवाल ने किया जरूरतमंद को रक्तदान

**दमोह।** पुलवामा हमले के शहीदों को नमन करते हुए मानवता की सेवा का संदेश देते हुए महामाया रक्तदान एवं जनकल्याण समिति के सदस्य आकाश अग्रवाल जी ने ओ पॉजिटिव रक्तदान किया। समिति के अध्यक्ष अखिलेश रजक द्वारा आकाश अग्रवाल एवं गजेंद्र अहीरवाल को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष अखिलेश रजक ने सभी लोगों से अपील की कि जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए आगे आएं और अधिक से अधिक रक्तदान करें। रक्तदान महादान है कृ आपका एक कदम किसी की जिंदगी बचा सकता है। सहयोगी सदस्य सहयोगी अध्यक्ष अखिलेश रजक, डॉ अमित प्रकाश जैन, डॉ दिवाकर पटेल, डॉ प्रेमलता नीलम, सुमन चढ़ार, सचिव अभिषेक जैन, कोषाध्यक्ष आशीष रजक, अनुज अरोरा, सिकंदर खरारे, दाम्मू रजक एवं ब्लड बैंक स्टाफ उषा यादव, प्रीति गुप्ता, सौरभ खरे, जीतेंद्र रैकवार संजय प्यासी आदि की उपस्थिति रहीं।

## महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर वारह ज्योर्तिलिंगम की स्थापना की गई

**दमोह।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविधालय जटाशंकर धाम दमोह के द्वारा सेवा केन्द्र के गोल्डन जब्ली समारोह पर सेवा केन्द्र में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर वारह ज्योर्तिलिंगम की स्थापना शनिवार को की गई है, अब स्नेही भक्तजन वारह तीर्थो का आनंद एक ही स्थान पर ले सकेंगे, ये द्वादश स्थापना भगवान शिव परमात्मा के अवतरण के कर्तव्य वाचक व गुण वाचक नाम है, आज सुबह 9 बजे शिव ध्वजा रोहण के वाद द्वादश मंदिरो का उद्घाटन कार्यक्रम हुआ शिव आरती की गई एवं महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक यथार्थ रहस्य पर प्रकाश डाला गया, अतिथियों का सम्मान एवं उद्बोधन भी रहा, कार्यक्रम का विशेष आकर्षण द्वादश भोलेनाथ की मूर्तियों को वारह कारो पर विराजित कर शहर में शोभा कलश यात्रा निकाली गई शहर के हजारो लोगों ने दर्शन लाभ लिया एवं पूजन किया, वीडियों बनायें शिव के जय-जय कारो से शहर गूंज गया दोपहर यात्रा वापिस जटाशंकर धाम में समाप्त हुई, और जिसमें पुलिस की उत्तम व्यवस्था के कारण शोभा यात्रा निर्विघ्न सम्पन्न हुई।

### नोहलेश्वर महोत्सव आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक अस्मिता, शैक्षणिक प्रगति का विराट उत्सव- राज्यमंत्री

# कविता पाठ से राष्ट्रभक्ति और काव्य रस से सराबोर हुआ नोहलेश्वर महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




जिले के जबेरा विधानसभा अंतर्गत नोहटा में आयोजित तृतीय नोहलेश्वर महोत्सव के नवें दिवस पर भव्य राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन तथा महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम पूज्य श्री गणेश जी की वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर जबेरा एवं तेंदूखेड़ा के शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों एवं शासकीय अधिकारियों का सम्मान कर शिक्षा जगत के प्रति सम्मान और प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा नोहलेश्वर महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि यह क्षेत्र की आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक अस्मिता और शैक्षणिक प्रगति का विराट उत्सव है। सरकार संस्कृति और शिक्षा दोनों को समान महत्व देते हुए बुंदेलखंड की गौरवशाली परंपराओं को नई पहचान दिलाने के लिए सतत कार्य कर रही है। सांसद लता वानखेड़े ने कहा बुंदेलखंड की गौरवशाली विरासत और भक्ति की त्रिवेणी में डूबकर मन अत्यंत प्रफुल्लित है। इस शानदार आयोजन के लिए संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह जी को हृदय से बधाई देती हूँ। आपकी विकासवादी सोच और संस्कृति के प्रति समर्पण का ही परिणाम है कि नोहलेश्वर महोत्सव अपनी भव्यता से नई पहचान बना रहा है। सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा नोहलेश्वर महोत्सव से आमजन सांस्कृतिक और धार्मिक लाभ अर्जित कर रहे हैं।यह महोत्सव अपने आप मे भव्य और दिव्य बनते जा रहा हैं। पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि नोहटा की यह पावन धरा आज साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति की त्रिवेणी बन चुकी है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह ने कहा कि नोहलेश्वर महोत्सव 2026 के मंच पर जबेरा एवं तेंदूखेड़ा के शासकीय प्राचार्यों का सम्मान करना हम सभी के लिए गौरव का विषय है। आप सभी के सहयोग और समर्पण से शिक्षा की जो अलख जलाई जा रही है, वह प्रेरणादायी है। शिक्षा ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है और आप सभी उस शक्ति के सच्चे वाहक हैं। नोहलेश्वर महोत्सव का यह नवां दिवस साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रभावना के अद्भुत संगम के रूप में इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया।

**ओज, व्यंग्य और भावनाओं का संगम**

कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि हरिओम पवार ने अपने ओजस्वी काव्यपाठ से वातावरण को राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। उनकी कविताओं में देशप्रेम, संस्कृति, वीरता और सामाजिक चेतना का अद्भुत समन्वय दिखाई दिया। प्रत्येक पंक्ति पर श्रोताओं की तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गुंजायमान हो उठा।

अन्य आमंत्रित कवियों ने भी हास्य, व्यंग्य, श्रृंगार और समसामयिक विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। हास्य कविताओं ने जहां दर्शकों को ठहाके लगाने पर मजबूर किया, वहीं गंभीर रचनाओं ने आत्ममंथन के लिए प्रेरित किया।

**एकल अभियान द्वारा संगीत प्रस्तुति**

कवि सम्मेलन से पूर्व मेला प्रांगण में एकल अभियान दमोह द्वारा सांस्कृतिक एवं संगीत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनजातीय समाज एवं एकल अभियान के सदस्यों का स्वागत एवं सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं रहली विधायक गोपाल भार्गव, सागर सांसद लता वानखेड़े, दमोह सांसद राहुल सिंह, जबलपुर सांसद आशीष दुबे, पूर्व मंत्री जालम सिंह, श्री विनोद सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# बम्होरी मानगढ़ से निकली शिव बारात



**गाजे-बाजे के साथ बांदकपुर धाम तक उमड़ा आस्था का सैलाब**

**बनवार।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बम्होरी मानगढ़ ग्राम में भगवान शिव की भव्य बारात का दिव्य आयोजन किया गया, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय उल्लास से सराबोर कर दिया। शिवभक्त पारंपरिक वेशभूषा में बाराती बनकर निकले और बैंड-बाजा, डीजे तथा ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच भगवान भोलेनाथ की आकर्षक झांकी पूरे गांव में नगर भ्रमण पर निकली। समाजसेवी हेमराज राय, राहुल राय और सरपंच प्रतिनिधि रितेश राय सहित ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस आयोजन में शिव बारात को विशेष रूप से सजाया गया। सुसज्जित रथ पर विराजमान भगवान शिव की झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही। मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर बारात का स्वागत किया और जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

बारात का काफिला बम्होरी से प्रारंभ होकर मझगुंवा, रोड, पटना मानगढ़, बनवार और बलारपुर होते हुए देर शाम श्री जागेश्वरनाथ धाम पहुंचा, जहां शिव-पार्वती विवाह महोत्सव में सहभागिता की गई। सैकड़ों वाहनों का यह काफिला श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। ग्रामीणों ने भक्ति भाव से बारात का अभिनंदन किया और महाशिवरात्रि पर्व को सामूहिक श्रद्धा और सामाजिक एकता का प्रतीक बना दिया। भव्यता और दिव्यता के संगम के साथ संपन्न हुई यह शिव बारात क्षेत्र में आस्था का अविस्मरणीय अध्याय बन गई।

# संत शिरोमणि सदगुरु रविदास प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यमंत्री श्री पटेल



**दमोह।** प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सहभागिता अत्यंत हर्ष और गौरव का अवसर है। आज का दिन उनके लिए प्रसन्नता और संतोष का दिन है तथा वे इस पावन अवसर पर आमंत्रित किए जाने के लिए आयोजक अयोध्या प्रसाद जी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। मंदिर प्रांगण का निर्माण स्थानीय श्रद्धालुओं एवं जनसहयोग से किया गया है, जो सराहनीय पहल है। ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम समाज में एकता, श्रद्धा और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने ग्राम बड़ी सागौनी कला में श्री संत शिरोमणि सदगुरु रविदास जी की प्रतिमा स्थापना एवं भंडारा कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय समिति द्वारा रखी गई मांगों पर राज्यमंत्री श्री पटेल ने आश्वस्त किया कि मंदिर परिसर से संबंधित सड़क एवं नाली निर्माण सहित अन्य आवश्यक कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि "जिन लोगों को वास्तविक आवश्यकता है, उनके बीच जाकर विकास कार्य करना संतोष और सुख का विषय है। उन्होंने मंदिर समिति, गुरुजनों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए सभी के प्रति आभार प्रकट किया। राज्यमंत्री श्री पटेल ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा सागर में लगभग 101 करोड़ से अधिक की लागत से विश्व का सबसे विशाल संत शिरोमणि रविदास मंदिर एवं संग्रहालय निर्मित कराया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री पटेल ने संत जनों का पुष्प मालाओं और शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

## अनियंत्रित बाईक से गिरी बुजुर्ग महिला, मौत

**छतरपुर।** जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला की पहचान हीरा बाई अहिरवार के रूप में हुई है, जो टीकमगढ़ जिले के बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र के कनयपुर की निवासी थीं। जानकारी के अनुसार हीरा बाई अहिरवार बाईक पर सवार होकर चौका के पास से गुजर रही थीं, जब दूसरी बाइक ने उनकी बाईक में कट मार दिया। इससे उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वे सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे में बुजुर्ग महिला को गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलते ही डायल 112 टीम ने मौके पर पहुंचकर उन्हें तत्काल छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है, जिसमें दूसरी बाइक के चालक की लापरवाही प्रमुख मानी जा रही है।

# दमोह नगर में निकला घोष संचलन



**दमोह।** संघ कार्यालय से स्वयंसेवकों द्वारा घोष संचलन करते हुए पलनंदी चौराहा, घंटाघर, हॉस्पिटल चौराहा, कीर्ति स्तंभ, होते हुए जटाशंकर धाम पहुंचा, जहां पर स्थिर घोष बादन 30 मिनट चला, तत पश्चात महेंद्र पटेल जिला सह कार्यवाह जिला दमोह द्वारा अखिल भारतीय घोष दिवस के ऊपर प्रकाश डाला गया, आज पूरे भारत में एक साथ महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा घोष बादन किया जा रहा है। संघ में घोष का विशेष महत्व है, क्योंकि घोष वादन व्यक्ति में अनुशासन, एकरूपता, साथ में चल कर एक दिशा में काम करने का भाव, और ऐसे अनेक सकारात्मक विचार हमारे अन्दर उत्पन्न होते है, साथ ही कार्य की अधिकता के कारण शरीर में हुई थकावट से कार्य में आने बाली शिथिलता को स्फूर्ति में बदल देता है, ऐसे अन्य अन्य कारणों से संघ में घोष का अनिवार्य रूप हमारे प्रथम सर संघ चालक डॉ केशव राव बलि राब, हेडगेवार पंत जी ने घोष शुरू किया, दमोह नगर में 35 स्वयं सेवकों द्वारा घोष संचलन एवं जटाशंकर धाम में स्थिर घोष बादन किया गया।

# जमीन विवाद पर परिवार में मारपीट, तीन घायल



**छतरपुर।** जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बदुआ गांव में जमीन विवाद को लेकर परिवार के सदस्यों के बीच आज सुबह भीषण मारपीट की घटना सामने आई है। पीड़ित पक्ष के अनुसार हरकुअर कुशवाहा, अरविंद और बृजेंद्र पर परिवार के ही अन्य सदस्यों दिलीप कुशवाहा और मनोज कुशवाहा ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही घायलों को निजी वाहन से तुरंत जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि हमला आज सुबह करीब 7 बजे हुआ, जिसमें गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने मामले की जानकारी ले ली है और जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि लंबे समय से चल रहे जमीन के विवाद को लेकर दोनों पक्षों में तनाव था, जो आज हिंसक झड़प में बदल गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि आरोपी और पीड़ित एक ही परिवार से संबंधित हैं, जिस कारण मामला और अधिक संवेदनशील हो गया है।

# अरुण सिंघई बने सेवा दल के ब्लाक अध्यक्ष



**तेजगढ़।** अवनीश भार्गव प्रदेश मुख्य संगठन मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल की अनुशंसा पर जिला सेवा दल के अध्यक्ष संजय चौरसिया ने जबेरा विधानसभा क्षेत्र के तेंदूखेड़ा ब्लॉक सेवा दल का अध्यक्ष अरुण कुमार सिंघई मुन्ना तेजगढ को अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री सिंघई ने दमोह जाकर सेवा दल अध्यक्ष संजय चौरसिया से भेंट कर बधाई दी। अरुण कुमार के अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अध्यक्ष हीरा सिह पतलोनी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रघुनाथ यादव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष विनोद सिंघई, उपाध्यक्ष पूर्व कैलाश सेठ,पूर्व सरपंच उदेत प्रसाद अहिरवाल,कांग्रेस के दिनेश नामदेव, तेजगढ़ आदिवासी दुर्गा नेता पटेरिया सौरभ जैन, सेक्टर अध्यक्ष मनी झरिया, पिपरिया माडनखेडा मंडलम के पूर्व उपाध्यक्ष पंचम सिह ठाकुर, पड़रिया करौंदी सभी ने हर्ष व्यक्त किया।

# दुकान पर टायर के दाम को लेकर विवाद

## युवक से की गई लाठी-डंडों से मारपीट, मोटरसाइकिल तोड़ी, मोबाइल छीना

**छतरपुर।**

महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिकौरा में एक दुकान पर सामान खरीदने के दौरान हुए विवाद में युवक के साथ जमकर मारपीट की घटना सामने आई है। घायल युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे जिला अस्पताल छतरपुर के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना के अनुसार, ग्राम बिकौरा निवासी नरेश पटेल (26 वर्ष), पुत्र महादेवदीन पटेल, कल शाम करीब 5:30 बजे जीतू पटेल की किराना दुकान पर सामान लेने पहुंचे थे। सामान खरीदने के बाद उन्होंने वहीं से मोटरसाइकिल का टायर भी खरीदा। टायर के दाम को लेकर दुकानदार जीतेन्द्र पटेल (उर्फ जीतू पटेल) और प्रिंस पटेल से विवाद हो गया। विवाद बढने पर दोनों आरोपियों ने नरेश पटेल के साथ लाठी-डंडों, लात-घूंसे से बुरी तरह मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने युवक की मोटर साइकिल भी तोड़ दी और उसकी जेब से मोबाइल फोन भी छीन लिया। हमलावर मौके से फरार हो गए। मारपीट के बाद नरेश पटेल जमीन पर गिर पड़े। राहगीरों ने सूचना देकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे और डायल 112 की मदद से घायल को महाराजपुर थाने ले गए, जहां प्राथमिकी दर्ज कराई गई। पुलिस ने घायल का मेडिकल महाराजपुर अस्पताल में कराया, जहां उसकी हालत गंभीर देखकर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया गया।

# पुलिस द्वारा रैपुरा थाना अंतर्गत दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**पन्ना।**

पन्ना पुलिस द्वारा महिला संबंधी गंभीर अपराध में त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही करते हुए आरोपी को मात्र 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई है।

थाना रैपुरा क्षेत्रांतर्गत दिनांक 13/02/2026 को एक पीड़ति महिला द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी द्वारा उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया गया है। उक्त सूचना पर थाना रैपुरा में बी.एन.एस एवं एससी/एसटी एक्ट के अंतर्गत दुष्कर्म एवं अन्य धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई। मामला महिला संबंधी एवं अत्यंत गंभीर प्रकृति का होने से पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना सिंह एवं एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रैपुरा उप निरीक्षक स्मिता सिंह बघेल को त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

# बेटी और बेटों में भेदभाव मिटाना जरूरी, दो कुलों की लाज रखती है बेटी : ऋषिकांत गर्ग



**बनवार।** ग्राम घटेरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास बालव्यास पं. ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने सुदामा चरित्र का भावपूर्ण वर्णन करते हुए समाज को गहन आत्ममंथन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बेटी केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि दो कुलों की मर्यादा और संस्कारों की धरोहर होती है, इसलिए बेटी और बेटे में भेदभाव समाप्त करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अपने उद्बोधन में उन्होंने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि यह अभियान समाज में बेटियों की सुरक्षा और शिक्षा को सशक्त करने का माध्यम है, परंतु इसके साथ ही हमें यह भी समझना होगा कि बेटों को भी संस्कार, संयम और सदाचार की शिक्षा देना उतना ही आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि केवल बेटियों को सुरक्षित और शिक्षित करने से समाज संतुलित नहीं होगा, जब तक बेटों में नैतिकता, जिम्मेदारी और सम्मान का भाव विकसित नहीं किया जाएगा। पं. गर्ग ने वर्तमान शिक्षा व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना और रोजगार पाना बन गया है। भौतिक प्रगति की दौड़ में हम अपने बच्चों को जीवन के मूलभूत संस्कारों, कर्तव्यबोध और नैतिक मूल्यों से दूर कर रहे हैं। इसी का परिणाम है कि समाज में हिंसा, लोभ, असंवेदनशीलता और अनुशासनहीनता जैसी प्रवृत्तियां बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने गुरुकुल शिक्षा पद्धति की पुनर्स्थापना पर बल देते हुए कहा कि गुरुकुल केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की पवित्र साधना भूमि है, जहां ज्ञान के साथ धर्म, मर्यादा, संयम और आत्मानुशासन का संस्कार दिया जाता है। यदि समाज को सुदृढ़ और संतुलित बनाना है तो आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों की धारा को भी प्रवाहित करना होगा। कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु पं. गर्ग के विचारों से गहराई से प्रभावित हुए। भक्ति, ज्ञान और सामाजिक चेतना से परिपूर्ण यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना, बल्कि समाज सुधार और सांस्कृतिक जागरण का भी प्रेरक संदेश देकर संपन्न हुआ।

# शिक्षक एकता की मिसाल दिवंगत तीन शिक्षक परिवारों को 1 करोड़ से अधिक का आर्थिक सहयोग

**दमोह।** पी.एम.यू.एम. शिक्षक संघ के प्रांत संयोजक पवन खरे ने बताया कि शिक्षक समाज का भविष्य सुरक्षित कर अंधेरे में ज्ञान के दीप जलाने का प्रयास करता है लेकिन अगर वह दुर्भाग्य बस अचानक दिवंगत हो जाता है, उसके परिवार का भविष्य असुरक्षित हो जाता है तो उसके परिवार की स्थिति अन्यत दयनीय हो जाती है उसके परिवार पर संकट के बादल मंडराने लगते हैं। कई बार उसके बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है और उन्हें मजदूरी तक करनी पड़ती है। इसी पीड़ा को महसूस करते हुए संघ ने कर्मचारी कल्याण कोष योजना की शुरुआत की। इस योजना के अंतर्गत शिक्षा विभाग के सभी कर्मचारियों का निःशुल्क पंजीयन किया जाता है। किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता। यदि कोई पंजीकृत सदस्य दुर्भाग्यवश दिवंगत हो जाता है, तो कर्मचारी कल्याण कोष योजना के माध्यम से सभी पंजीकृत सदस्यों से आर्थिक सहयोग की अपील की जाती है। अब तक इस योजना के अंतर्गत दमोह जिले के निवासी स्वर्गीय दिलीप सिंह लोधी जी के परिवार को 40 लाख दतिया जिले के स्वर्गीय राकेश अहिरवार जी के परिवार को 38 लाख तृतीय सहयोग दमोह जिले के स्वर्गीय शिक्षक किशुन लडिया जी के परिवार को (08 फरवरी से 20 फरवरी तक) में अब तक 24 लाख का आर्थिक सहयोग प्राप्त हो चुका है। इस प्रकार तीनों सहयोग मिलाकर 1 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि परिवारों तक पहुंचाई जा चुकी है। इस योजना से शिक्षकों में एक विश्वास उत्पन्न हुआ है कि हमारे न रहने पर भी हमारा परिवार आर्थिक रूप से असहाय नहीं रहेगा। पवन खरे ने कहा कि यह पहल न केवल आर्थिक सहयोग का माध्यम है, बल्कि शिक्षक समाज की एकजुटता और संवेदनशीलता का सशक्त उदाहरण भी है। इस ऐतिहासिक पहल के लिए कर्मचारी कल्याण कोष योजना के संस्थापक सतीश खरे, प्रांत अध्यक्ष मुरली मनोहर अरजरिया जी, सह-संस्थापक ब्रजेश असाटी, कार्यकारी जिला अध्यक्ष दमोह कैलाश असाटी, कोषाध्यक्ष मोहन ठाकुर तथा समस्त पदाधिकारीकृ नरेंद्र नामदेव, गिरजा प्रजापति, प्रमोद प्रजापति, बैजनाथ नामदेव, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, ओमप्रकाश नामदेव, रामरतन, अजय, रोहित, पारस साहू, विजय सिंह, संतोष कटारिया, तख़त सिंह, देवेंद्र ठाकुर, मनोज नामदेव, पंकज जैन, पुरुषोत्तम पटेल, श्रीकांत पटेल, देशराज यादव, मानसिंह लोधी, कमलेश ताम्रकार प्रदीप पटेल मयंक सोनी आदिकृ निरंतर योजना को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## जिले भर में धूमधाम से मनाई गई महाशिवरात्रिः चारों पहर खुले रहे कपाट, चारों दिशाओं से पहुंचीं शिव बारात

# महाशिवरात्रि पर्व पर श्री जागेश्वर नाथ धाम में उमड़ा जनसैलाब





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जिले के प्राचीन और विख्यात तीर्थ श्री जागेश्वरनाथ धाम, बांदकपुर में आस्था अपने चरम पर दिखाई दी। रविवार की अलसुबह ठीक 3 बजे जैसे ही मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए, "हर-हर महादेव" के गगनभेदी जयघोष से पूरा धाम गुंजायमान हो उठा। नित्य पूजन और अभिषेक के पश्चात प्रारंभ हुए दर्शन देर रात तक अनवरत जारी रहे और भक्तों की लंबी कतारें श्रद्धा की अखंड धारा बनकर बहती रहीं।
प्रातः 5 से 6 बजे तक षोडशोपचार पूजन, 6 से 9 बजे तक पंचामृत पूजन, 9 बजे से सायं 7 बजे तक यज्ञशाला में हवनात्मक लघु रुद्राभिषेक और देवी यज्ञ का क्रम चला। संध्या 7 से 8 बजे तक विशेष पूजन, 8 से 10 बजे तक महादेव और माता पार्वती की एकादशी आरती एवं दिव्य श्रृंगार ने वातावरण को अलौकिक बना दिया। रात्रि 10 से 11 बजे तक शिवरात्रि प्रवचन और ग्रंथि बंधन की रस्में संपन्न हुईं, जबकि रात्रि 11 बजे से प्रातः 3 बजे तक लघु रुद्राभिषेक एवं शिव-पार्वती विवाह समारोह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्यता के साथ आयोजित हुआ। पूरे 24 घंटे में केवल 15 मिनट के लिए भगवान को भोग अर्पित करने हेतु पर्दा लगाया गया, शेष समय मंदिर चारों पहर दर्शनार्थ खुला रहा।
दमोह मुख्यालय सहित आसपास के जिलों और दूरस्थ अंचलों से हजारों श्रद्धालु गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और भव्य झांकियों के साथ बांदकपुर पहुंचे। देर शाम तक लगभग तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक और दर्शन किए, जबकि कुल संख्या चार लाख के पार पहुंचने का अनुमान है। मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र भक्तिमय जनसैलाब से खचाखच भरा नजर आया।
सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया एवं प्रशांत सिंह सुमन, एसडीएम आरएल बागरी, एसडीओपी प्रिया सिंधी, थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, तहसीलदार प्रीतम सिंह, पटवारी आशीष साहू सहित पुलिस और राजस्व अमले ने व्यवस्थाएं संभालीं। 72 सीसीटीवी कैमरों से चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी गई। स्वास्थ्य विभाग की टीमें और आपातकालीन सेवाएं भी मुस्तैद रहीं।
मंदिर कमेटी प्रबंधक राम कृपाल पाठक ने बताया कि संध्याकालीन श्रृंगार और एकादशी आरती महाशिवरात्रि की विशेष परंपरा है, जिसके उपरांत माता पार्वती और भगवान शिव के ग्रंथि बंधन तथा विवाह की रस्में हरे मंडप में पूरे वैदिक विधान से संपन्न कराई गईं। रातभर भजन संध्या, धार्मिक आयोजन और भंडारों का क्रम चलता रहा, जहां कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के लिए भोजन, प्रसादी, चाय और नाश्ते की समुचित व्यवस्था की गई।
महाशिवरात्रि से एक दिन पूर्व ही लाखों कांवड़िए धाम पहुंच चुके थे। प्रातःकाल मां नर्मदा के पवित्र जल से भगवान का अभिषेक किया गया, जिसके लिए विशेष रेलिंग और अलग पूजन व्यवस्था बनाई गई थी। गर्भगृह में प्रवेश पर रोक रखते हुए प्रशासन ने बाहर से ही दर्शन और जल अर्पण की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की।
भगवान जागेश्वरनाथ की ससुराल माने जाने वाले रोहनिया धाम से भी भव्य शिव बारातें झांकियों और शिव तांडव की प्रस्तुतियों के साथ बांदकपुर पहुंचीं, जिनका मंदिर ट्रस्ट द्वारा पारंपरिक स्वागत किया गया।
आस्था, अनुशासन, सुरक्षा और भव्यता के अद्वितीय संगम के साथ संपन्न यह महाशिवरात्रि पर्व बांदकपुर धाम में श्रद्धा का ऐतिहासिक अध्याय बन गया, जहां लौकिक युग में भी शिव-पार्वती विवाह का अलौकिक दृश्य साकार होता दिखाई दिया और भक्ति की धारा चारों पहर अविरल प्रवाहित होती रही।

## उपकाशी में धूमधाम से निकली शिव की बारात, हरे मंडप में सम्पन्न हुई भगवान गौरीशंकर के विवाह की रस्में



**हटा।** उपकाशी हटा में सुनार नदी के तट पर श्मशान घाट के समीप मंदिर में विराजमान दूल्हा वेषधारी भगवान देवश्री गौरीशंकर का विवाह उत्सव बड़े ही उत्साह व धूमधाम के साथ हरे मंडप के नीचे सनातन रीति रिवाज के रस्मों के साथ संपन्न हुआ जहां बारात में आए नंदी भूत प्रेत दैत्य दानवों के साथ असंख्य भक्तों की एतिहासिक उपस्थिति रही। महाशिवरात्रि पर देवश्री गौरीशंकर मंदिर में विराजमान दूल्हा वेशधारी भगवान भोलेनाथ का प्रातः महा रुद्राभिषेक पूजन कर विशेष श्रृंगार किया गया। इसके उपरांत सायंकाल मुख्य यजमान भूपेंद्र सिंह हजारी सपत्नीक सहित मंदिर के समक्ष बनाए गए आकर्षक हरे मंडप के नीचे आचार्य पंडितों द्वारा भगवान गौरीशंकर के विवाह उत्सव को सभी रस्में विधि-विधान से पूरी की गई। वही सायं कालीन गोधूलि बेला में नगर के कमला नेहरू वार्ड शंकर जी के चबूतरा से हिंदू राष्ट्र कावड़ यात्रा मित्र मंडली द्वारा निकल गई भोले की बारात का आगमन मंदिर के मुख्य गेट पर हुआ जहां पुजारी पंडित रामसुजान पाठक के नेतृत्व में कुंवर पुष्पेंद्र सिंह हजारी अनुराग वर्धन हजारी द्वारा दूल्हा बने भगवान भोलेनाथ व बारातियों के टीका द्वारचार की रस्में पूरी कर बारात की भव्य अगवानी की गई इसके उपरांत भगवान भोलेनाथ और माता गौरी का हरे मंडप के नीचे विवाह उत्सव की रस्में पूरी कर विवाह संपन्न कराया गया। इस दौरान भक्तों द्वारा डीजे बैंड बाजों के साथ खूब आतिशबाजी कर भोले के भक्तों द्वारा जमकर नृत्य किया गया।

### नगर के प्रमुख मागों से निकली शिव बारात

भगवान भोलेनाथ की बारात नगर के कमला नेहरू वार्ड शंकर जी के चबूतरा विंध्यवासिनी मंदिर से हिंदू राष्ट्र कावड़ यात्रा मित्र मंडली द्वारा डीजे गाजे बाजे के साथ निकाली गई जिसमें भगवान भोलेनाथ की अलौकिक सुंदर संजीव झांकी के साथ हाथी, नंदी भूत प्रेतों सहित असंख्य शिव भक्तों की उपस्थिति रही बारात का शुभारंभ कमला नेहरू वार्ड से राय चौराहा मंदिर मस्जिद चौराहा से भूतेश्वर मंदिर प्यासी मोहल्ला नायक तिगड्डा से पेट्रोल पंप होते हुए चंडी जी के रास्ते से देवी गौरीशंकर मंदिर पहुंची जहां पर बारात की भव्य अगवानी की गई इसके उपरांत भगवान भोलेनाथ का विवाह उत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। भगवान भोलेनाथ की बारात में उपकाशी के असंख्य भक्तों का एतिहासिक जनसैलाब देखने को मिला। पं. रामसुजान पाठक ने भगवान गौरीशंकर के विवाह की रस्मों को विस्तार से बताते हुए कहा कि मंदिर में दूल्हा बेषधारी गौरीशंकर विराजमान है जहां मागरमाटी से लेकर विवाह संपन्न तक समस्त रस्मो को ब्रम्हांड के समस्त देवी देवताओं का आव्हान कर उन्हें भोलेनाथ के विवाह में बुलाया जाता है। विश्व में एक मात्र उपकाशी नगर हटा में भगवान गौरीशंकर की मूर्ती 24 घंटे जागृत अवस्था में है।

# शिवरात्रि पर शिव भक्ति में लीन हुआ जबेरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पूरा जबरा शिव भक्ति में इस प्रकार सराबोर हुआ कि जिसे देखकर के ऐसा अहसास हुआ कि जैसे की साक्षात भगवान शंकर जबेरा में अवतरित हुये हो और वास्तव में माता पार्वती के साथ उनका विवाह होने जा रहा है। पूरे नगर को बंदनवार एवं पूर्ण द्वारों की द्वारा इस प्रकार सजाया गया की संपूर्ण नगर दुल्हन जैसा नजर आया। नगर में सुबह से ही चार पहियों से लेकर की पैदल मार्च एवं दो पहियों से रैली निकाली गई। आज नगर में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव विवाह का मंचन रुद्राभिषेक एवं शिव अभिषेक का विशेष आयोजन किया गया मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत साज्य सज्जा एवं साझ पुष्पमालाओं से सुसज्जित किया गया जिससे वातावरण पूरी तरह है शिव मय हो उठा। आयोजन समिति के द्वारा शिव बारात के लिए की अगवानी के लिए विशेष तैयारी की गई। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए कतार बद्ध नजर आए। श्री सिद्धेश्वर नर्मदेश्वर मंदिर में पूरे दिन एवं रात्रि भर भजन कीर्तन का क्रम जारी है। श्रद्धालु जल बेलपत्र धतूरा और भांग अर्पित कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। रात्रि जागरण में शिव महिमा का गुणगान होगा। पूर्व वर्षों की परंपरा के अनुसार शंकर जी के चबूतरे पर मंदिर परिसर से विशाल शिव बारात धूमधाम से निकल जाएगी। आकर्षक झांकियां व बैंड बाजे ढोल नगाड़ों और शिव गानों के बीच में बारात निकलेगी। यह बारात देव श्री सिद्धेश्वर नर्मदेश्वर मंदिर पहुंचेगी जहा पर पूरे रीति रिवाज के साथ शिव विवाह संपन्न होगा।

# महाशिवरात्रि पर शिव बारात एवं महिला कांवड़ यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

सिंग्रामपुर ग्राम में पावन पर्व महाशिवरात्रि अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जहां एक ओर भगवान शिव की भव्य बारात निकाली गई, वहीं दूसरी ओर कटाव धाम से महिलाओं द्वारा विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। पूरे दिन ग्राम भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।

### भव्य शिव बारात ने बांधा समां

शिव बारात का शुभारंभ तिलगवां तिराहे से हुआ। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और डीजे की भक्तिमय धुनों के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते हुए बारात में शामिल हुए। युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी शिवभक्ति में लीन दिखाई दिए। "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।
बारात तिलगवां तिराहे से रानी दुर्गावती पोंडी तिराहे होते हुए मुख्य बाजार मार्ग से गुजरकर शिव मंदिर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह ग्रामवासियों ने पुष्पवर्षा कर बारात का भव्य स्वागत किया। कई स्थानों पर आरती उतारी गई तथा जलपान की व्यवस्था भी की गई।
मंदिर पहुंचने पर भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया गया। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, धतूरा, दूध एवं गंगाजल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। रात्रि 8 बजे महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।



### कटाव धाम से निकली महिला कांवड़ यात्रा

इसी क्रम में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर कटाव धाम से महिलाओं द्वारा भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। प्रातःकाल बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित होकर कटाव धाम पहुंचीं और विधि-विधान से पूजन-अर्चना की। इसके पश्चात कांवड़ में पवित्र जल भरकर भगवान शिव के जयकारों के साथ सिंग्रामपुर स्थित शिव मंदिर के लिए प्रस्थान किया। कांवड़ यात्रा में महिलाएं डीजे की भक्तिमय धुनों पर नाचते-गाते हुए आगे बढ़ीं। मार्ग में ग्रामवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। कई स्थानों पर चाय, नाश्ता एवं जल की व्यवस्था कर सेवा भावना का परिचय दिया गया।
सिंग्रामपुर पहुंचने पर ग्रामवासियों ने कांवड़ लिए महिलाओं का भव्य स्वागत किया। मंदिर में पहुंचकर महिलाओं ने भगवान शिव शंकर का जलाभिषेक कर परिवार एवं ग्राम की खुशहाली की प्रार्थना की। पूजन-अर्चन के उपरांत मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। ग्राम के गणमान्य नागरिकों, युवाओं एवं महिलाओं के सामूहिक प्रयास से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर सिंग्रामपुर में उमड़ी श्रद्धा और आस्था ने सामाजिक एकता, भाईचारे और धार्मिक समरसता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।

# श्री अति रुद्रमहायज्ञ एवं भागवत कथा का हुआ भव्य समापन

*सांसद राहुल सिंह लोधी हुए कार्यक्रम में सम्मिलित, महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर रचा इतिहास,*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा





उपकाशी नगरी हटा स्थित प्राचीन एवं पावन धाम गौरीशंकर मंदिर में विगत 5 फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित श्री श्री 1008 श्री अति रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में आध्यात्मिक ऊर्जा, भक्ति रस और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला, महाशिवरात्रि पर श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन हुआ। सात दिनों तक चली इस दिव्य कथा ने श्रद्धालुओं के मन-मस्तिष्क को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य से सराबोर कर दिया। अंतिम दिन देश के प्रख्यात गृहस्ती संत दादाजी के शिष्य व पुत्र कथावाचक पंडित अनिल शास्त्री जी ने बताया, कि गुरु का महत्व गुरु महिमा, परीक्षित मोक्ष और जीवन के गूढ़ रहस्यों पर आधारित प्रवचन ने श्रोताओं को आत्मचिंतन की ओर प्रेरित किया।
इसके पूर्व प्रातःकाल हजारों शिवभक्तों ने मंदिर पहुंचकर विधि-विधान पूर्वक पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर पूजन-अर्चन किया। पंडित आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाभिषेक सम्पन्न कराया। ढोल-नगाड़ों और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच भजन-कीर्तन की मंगलमयी ध्वनियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग को अपने सिर पर रखकर सुनार नदी में विसर्जन के लिए निकली भक्तों की भीड़ का दृश्य ने मानो भगवान शिव को स्वयं भक्तों के साथ चलते हुए प्रकट कर दिया हो। श्रद्धालुओं ने गहन श्रद्धा-भाव से पार्थिव शिवलिंगों का विसर्जन किया। देवाधिदेव महादेव एवं माता पार्वती के जयकारों से सम्पूर्ण हटा नगर गुंजायमान हो उठा।

### पूर्ण आहुति के साथ महायज्ञ का हुआ समापन

वहीं गौरीशंकर मंदिर कार्यक्रम श्री श्री 1008 अतिरुद्र महायज्ञ का यज्ञ आचार्य पंडित श्री मथुरा प्रसाद जी शास्त्री व पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ समिति के सभी पदाधिकारी सदस्यों द्वारा पूर्ण आहुति कर महायज्ञ का समापन हुआ वही सभी के द्वारा नगर प्रदेश व देश के जन कल्याण की कामना यज्ञ नारायण भगवान व भगवान गौरीशंकर से कर प्रार्थना की। इस पावन अवसर पर दमोह संसदीय क्षेत्र के सांसद राहुल सिंह लोधी ने मंदिर पहुंचकर श्री गौरीशंकर भगवान के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की मंगलकामना की। उन्होंने मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण अनुष्ठान में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सांसद ने प्रख्यात कथावाचक डॉ अनिल शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा चल रहे धार्मिक अनुष्ठानों की सराहना की। इस अवसर पर हटा विधायक उमा देवी खटीक, जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, आयोजन समिति संरक्षक कुँ. पुष्पेंद्र हजारी, यज्ञ समिति अध्यक्ष अनुराग वर्धन हजारी एवं मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा, सौरभ अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

# संगठन ने पकड़वाई अवैध शराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नशा विरोधी जन आंदोलन के तहत भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतन पार्टी के संयुक्त तत्वाधान में दमोह जिले के भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों ने थाना हिंडोरिया चौकी बांदकपुर पुलिस को सूचना देकर 15 फरवरी 2026 रात्रि 1:30 बजे पेट्रोल पंप के पास में रोड पर भोलेनाथ की नगरी जागेश्वर धाम मंदिर से चंद्र कम दूरी पर अवैध शराब का परिवहन कर रहे आरोपी विनोद दुबे पिता गया प्रसाद दुबे उम्र 50 वर्ष बांदकपुर निवासी दूसरा आरोपी विजय लोधी पिता उरन लोधी ग्राम हर दुआ चुंगल निवासी के द्वारा लाल क्रेटा कॉर में 11 पेटी अवैध शराब जिसमें 8 पेटी लाल अवैध मसाला दो पेटी सफेद प्लेन 36 पाव मेक डाबर एक मैक डाबर रम की बोतल का परिवहन कर रहे थे जो भोलेनाथ की नगरी में सप्लाई के लिए आज महाशिवरात्रि जैसे महा पर्व पर जहां आस्था का केंद्र भोलेनाथ के दर्शन के लिए लाखों लाख लोग वरवान से मां नर्मदा जी का जल लेकर के पैदल भोलेनाथ के यहां जल चढ़ाने के लिए आते हैं। यहां मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मध्य प्रदेश के 19 तीर्थ स्थल क्षेत्र शराब मुक्त किए थे जिसमें एक जागेश्वर नाथ तीर्थ स्थल भी सम्मिलित है। जहां पर आज शराब माफिओ द्वारा अवैध शराब भोलेनाथ जी के मंदिर के चारों तरफ पहुंचाई जा रही है जिससे श्रद्धालुओं को आने-जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहां का वातावरण आ पवित्र हो रहा है। वहां का वातावरुण धर्म मैं वन सके इससे भगवती मानव कल्याण संगठन डोर तू डोर अवैध शराब पर अंकुश लगा रहा है और 11 पेटी अवैध शराब एक फोर व्हीलर एवं दो आरोपियों को आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीकृत किया गया।



# यज्ञशाला में युवती ने वैदिक रीति से ग्रहण किया हिंदू धर्म

**हटा।** नगर हटा निवासी युवक आयुष सोनी (हिंदू) एवं मुस्लिम युवती अल्फिया नाज ने वर्ष 2024 में प्रेम विवाह किया था। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित अतिरुद्र महायज्ञ के समापन उपरांत यज्ञशाला में दोनों एक बार फिर चर्चा में रहे, जहां यज्ञ शाला में ही अतिरुद्र महायज्ञ में निर्देशक की भूमिका निभाने वाले मुख्य यज्ञाचार्य जी ने वैदिक विधि-विधान के साथ शुद्धिकरण एवं हवन-पूजन की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में यज्ञाचार्य पं. डॉ. मथुरा प्रसाद शुक्ल (वाराणसी) के सान्निध्य में विशेष शुद्धिकरण संस्कार कराया गया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं आहुति के बीच अल्फिया नाज ने स्वेच्छा से हिंदू धर्म में आस्था व्यक्त करते हुए विधिवत संस्कार ग्रहण किए। अनुष्ठान के उपरांत उनका नाम परिवर्तित कर "मंगला देवी" रखा गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में रामगोपाल जी सरकार महंत श्यामदास जी महाराज, बालाजी सरकार के महंत हरिराम जी महाराज, ब्रजेश दुबे, गौरीशंकर मंदिर पुजारी राम सुजान पाठक, सोनी समाज अध्यक्ष रवि सोनी एवं पारिवारिक जनों की मौजूदगी रही। हवन-पूजन के दौरान सभी ने भगवान शिव से दंपति के सुखद वैवाहिक जीवन, परिवार की समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। पूरा परिसर "हर-हर महादेव" के जयघोष से गूंज उठा। यज्ञाचार्य पं. डॉ. मथुरा प्रसाद शुक्ल ने बताया कि शुद्धिकरण संस्कार वैदिक परंपरा का अंग है, जिसके माध्यम से इच्छुक व्यक्ति वैदिक धर्माचार का पालन करने का संकल्प लेता है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण प्रक्रिया धार्मिक रीति-रिवाजों एवं शास्त्रीय विधान के अनुसार संपन्न की गई।